an>

Title: Need to take steps for setting up a sugarmill in Aalapur Tehsil in Ambedkar Nagar district in Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): अध्यक्ष जी, यह सेंट्रल गवर्नमेंट से ही संबंधित है।

अध्यक्ष जी, मैं संत कबीर नगर संसदीय क्षेत्र से आता हूं जो तीन कमिश्नरियों में विभाजित है। हमारे अम्बेडकर नगर के आलापुर तहसील में किसानों की समस्याओं के आधार पर गन्ना विकास के लिए विगत दस वर्ष पहले एक सर्वेक्षण किया गया था। उसमें यह बात उभर कर आयी कि अगर यहां पर चीनी मिल की स्थापना कर दी जाती है तो यहां के किसान खुशहाल होंगे।

ऐसी परिस्थिति में हमारा आपसे आग्रह है कि अगर आप केन्द्र सरकार के माध्यम से सहकारिता के आधार पर वहां एक चीनी मिल खुलवाने का आदेश देने की कृपा करेंगी, तो हमारे आलापुर तहसील के किसानों को बहुत लाभ होगा, क्योंकि वहां की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान है।